ADITYA BIRLA
HINDALCO

पत्र संख्या–एच.आई.एल. / सी.सी.एम. / 2024–25 / 124 दिनांक–13.01.2025

सेवा में,

**वन प्रमण्डल पदाधिकारी,**
लातेहार वन प्रमण्डल,
लातेहार।

**विषय :–** **वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत लातेहार वन प्रमण्डल चकला कोल ब्लॉक के लिए प्रस्तावित रेल मार्ग एवं सड़क मार्ग निमार्ण हेतु 6.80 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव** FP/JH/RAIL/156521/2022 **के संबंध में।**

संदर्भ :– 1. आपका पत्र संख्या–1295, दिनांक 27.08.2024 एवं पत्रांक 1474, दिनांक 20.09.2024।
2. प्रधान मुख वन संरक्षक सह––कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड झारखण्ड राज्य का पत्रांक 771 दिनांक 21.08.2024

महाशय,
उपरोक्त पत्र के माध्यम से चकला कोल ब्लॉक हेतु प्रस्तावित रेल मार्ग एवं सड़क मार्ग निमार्ण हेतु 6.80 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में मांगी गई जानकारी का बिन्दुवार विवरण निम्नानुसार है–

| **क्रमांक** | **बिन्दुवार पृच्छा** | **बिन्दुवार पृच्छा का निराकरण** |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्ताव के पार्ट–1 के कंडिका B –2.4 में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा Component wise breakup स्पष्ट नहीं किया गया है । | प्रस्ताव के पार्ट– 1 के कंडिका B –2.4 के अनुपालन में Component wise breakup का विवरण निम्नांनुसार है–<br>Component \| **वन भूमि (हे0 में)** \| **गैर वन भूमि (हे0 में)**<br>रेल मार्ग एवं सड़क मार्ग \| 6.80 \| 4.48 |
| 2 | प्रस्ताव के पार्ट–1 के कंडिका C में DGPS Map अपलोड नहीं है। इसे अपलोड किया जाना आवश्यक है। | प्रस्ताव के पार्ट–1 के कंडिका C के अनुपालन में DGPS Map अपलोड कर दिया गया है। |
| 3 | प्रस्ताव में Barest in Minimum use of forest land संबंधी वचनबद्धता अप्राप्त है । | प्रस्ताव में Barest in Minimum use of forest land के अनुपालन से संबंधित वचनबद्धता पत्र संलग्न कर दिया गया है। **(अनुलग्नक–1)** |

DEEPAK LENKA
Unit Head
Hindalco Industries Ltd.
Chakla Coal Mine, Chandwa

| | | |
|---|---|---|
| 4 | प्रस्ताव में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वनभूमि में Violation नहीं किये जाने का वचनबद्धता अप्राप्त है । | प्रस्तावित वनभूमि में Violation नहीं किये जाने के संबंध में वचनबद्धता पत्र संलग्न कर दिया गया है। **(अनुलग्नक–2)** |
| 5 | विषयगत प्रस्ताव हेतू वैकल्पिक (Alternative) मार्ग का KML अनुपलब्ध है। Alternative के Option-2 में अधिसूचित वनभूमि का रकबा शुन्य है एवं जंगल–झाड 0.113 एकड़ है। जबकि प्रस्तावित परियोजना के लिये अधिसूचित वनभूमि 15.25 एकड एवं जंगल–झाड भूमि 1.55 एकड़ दर्शाया गया है। Alternative के Option-2 को प्रस्तावित क्यों नही किया गया है। | विषयगत प्रस्ताव हेतू वैकल्पिक (Alternative) मार्ग का KML संलग्न कर दिया गया है। **(अनुलग्नक–3)**<br>वैकल्पिक (Alternative) मार्ग के Option-2 के निरीक्षण उपरांत रेल मार्ग हेतु सुरक्षित ढलान (Safe Gradient) नही पाया गया एवं मोड (Turning Point/ Junction) की संख्या अधिक है जिसके कारण वैकल्पिक (Alternative) के Option-2 में अधिसूचित वनभूमि का रकबा शुन्य है एवं जंगल–झाड 0.113 एकड़ होने के बाद भी रेल एवं सड़क मार्ग हेतु प्रस्तावित नही किया गया। जबकि प्रस्तावित मार्ग, रेल मार्ग के लिए सुरक्षित ढलान (Safe Gradient) के साथ ही लघु मार्ग (Shortest route) भी है। |
| 6 | विदित हो कि चकला कोल ब्लॉक हेतू एक अन्य प्रस्ताव खनन (503.578 हे0 ) के लिए प्रस्तावित है, जिसके Item wise breakup में सडक रेल एवं Infrastructure -30.0 हे0 वनभूमि का रकबा भी सम्मिलित किया गया है। उसके अतिरिक्त चकला कोल ब्लॉक के लिए प्रस्तावित रेल एवं सड़क मार्ग निर्माण हेतु अलग से 6.80 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव (FP/JH/RAIL/156521/2022) समर्पित है। इस तरह प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा वनभूमि अपयोजन के लिये कुल दो परियोजनायें समर्पित कया गया है । जबकि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,नई दिल्ली द्वारा निर्गत गाइडलाइन दिनांक 29.12.2023 के चैप्टर 7 के अनुसार उपरोक्त दोनो परियोजनाओं के लिये एक ही समेकित प्रस्ताव समर्पित किया जाना वाछनिय है। | चकला कोल ब्लॉक पूर्व में Essar Power Limited को 1000 मेगा वाट पावर प्लांट जिला– लातेहार के लिए कैपटिव पावर हेतु भारत सरकार, कोयला मंत्रालय नई दिल्ली के पत्रांक– 38011/11/2006–CA- I (Part) दिनांक– 20.02.2007 के माध्यम से आवंटित किया गया था। **(अनुलग्नक–4)**<br>भारत सरकार, कोयला मंत्रालय नई दिल्ली के पत्रांक– 13016/32/2007–CA- I (Part) दिनांक– 10.06.2008 के माध्यम से चकला कोल ब्लॉक का माइन प्लान अनुमोदित किया गया था जिसके पार्ट– 01 के बिंदु क्रमांक 1.1 में निहित है कि चकला कोल ब्लॉक का आवटन 1000 मेगा वाट पावर प्लांट चकला, जिला– लातेहार के लिए कैपटिव पावर के लिए आंवटित है एवं बिंदु क्रमांक 1.2 में निहीत है कि कोयले का प्रेषण बेल्ट कन्वेयर के माध्यम से मांइस से पावर प्लाट तक किया जाएगा। **(अनुलग्नक–5)**<br>पूर्व प्रयोक्ता अभिकरण के द्वारा चकला कोल ब्लॉक में वन भूमि अपयोजन के प्रस्ताव में कोयले के प्रेषण हेतु किसी भी प्रकार की वन भूमि का उपयोग नही दर्शाया गया है।<br>माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के आदेश के द्वारा वर्ष 2014 में कोल ब्लॉक के आवंटन को रद्द करने के बाद, कोल मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के द्वारा वर्ष 2021 में निलामी के माध्यम से चकला कोल ब्लॉक मेसर्स हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लि0 को आवंटित किया गया।<br>कोल माइंस Special Provision ACT, 2015 के सेक्सन 8 (4) एवं भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी वन भूमि अपयोजन के मार्गदर्शिका 2019 एवं 2023 के पैरा 5.4 (ii) के अनुसार चकला कोल ब्लॉक वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लि0 को हस्तांतरित किया गया है। **(अनुलग्नक–6)**<br>चकला कोल ब्लॉक खनन (503.578 हे0) के लिए वन भूमि अपयोजन प्रस्तावित है जिसके Item wise breakup में सड़क, |

DEEPAK LENKA
Unit Head
Hindalco Industries Ltd.
Chakla Coal Mines Chandwa

| | | |
|---|---|---|
| | | रेल एवं Infrastructure - 30.0 हे0 वनभूमि का रकबा प्रस्तावित माइनिंग लीज क्षेत्र के अंतर्गत सम्मिलित है एवं माइनिंग लीज क्षेत्र के बाहर के लिए अलग से 6.80 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव (FP/JH/RAIL/156521/2022) समर्पित किया गया।<br>पूर्व प्रयोक्ता अभिकरण Essar Power Limited के कैपटिव पावर कोल ब्लॉक वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव में कोल प्रेषण हेतु रेल एवं सड़क मार्ग की योजना के बिना ही राज्य सरकार, द्वारा अनुमोदन के लिए FAC को समर्पित किया गया था, जिसे कोल ब्लॉक Cancellation के पश्चात Vesting Order के माध्यम से व्यवसायिक उपयोग हेतु पुनः आवंटित चकला कोल ब्लॉक के लिए वर्तमान प्रयोक्ता अभिकरण (हिडाल्को इंडस्ट्रीज लि0) द्वारा रेल एवं सड़क मार्ग के लिए कोल ब्लॉक लीज क्षेत्र के बाहर पृथक से वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव समर्पित किया गया है। |

चकला कोल ब्लॉक के लिए प्रस्तावित रेल एवं सड़क मार्ग निर्माण हेतू 6.80 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव में की गई पृच्छा का बिंदुवार निराकरण प्रतिवेदन स्वीकार करते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने का कष्ट करें।

सधन्यवाद!

अनुलग्नक :– यथोक्त ( 8 प्रतियों में )।

विश्वासभाजन

13/01/25

DEEPAK LENKA
Unit Head
Hindalco Industries Ltd
Chakla Coal Mines Chandwa

अधिकृत अधिकारी
हिन्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड
चकला कोल ब्लॉक, चन्दवा, लातेहार।